Bihar Board Class 7 Hindi Solutions Chapter 13 शक्ति और क्षमा

BSEB Bihar Board Class 7 Hindi Solutions Chapter 13 शक्ति और क्षमा

Bihar Board Class 7 Hindi शक्ति और क्षमा Text Book Questions and Answers

पाठ से –

प्रश्न 1.
इस कविता के माध्यम से हमें क्या सीख मिलती है?
उत्तर:
इस कविता के माध्यम से हमें सीख मिलती है कि क्षमा, दया और विनम्रता के साथ हमें अपने पौरुष का उपयोग करना चाहिए । शक्तिहीन मनुष्य को क्षमा, दया, विनम्रता शोभा नहीं देती है। अर्थात् शक्तिमान व्यक्ति को ही क्षमा, दया और विनम्रता शोभता है।

प्रश्न 2. वे कौन-सी परिस्थितियाँ थीं जिन्होंने राम को धनुष उठाने पर बाध्य किया ?
उत्तर:
राम को अपनी सेना के साथ लंका जाना था। पहले तो श्रीराम ने समुद्र के सम्मुख विनम्रता का भाव दर्शाए । लेकिन समुद्र उनके विनम्रता पर ध्यान नहीं दिया और न राम की प्रार्थना पर ध्यान दिया। विवश होकर राम धनुष उठाने के लिए तत्पर हुए।

प्रश्न 3.
निम्नलिखित पंक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिए-
क्षमा शोभती उस भुजंग को
जिसके पास गरल हो।
उसको क्या, जो दंतहीन,
विषहीन, विनीत, सरल हो।
उत्तर:
क्षमा उमी साँप को शोभा देती है जिसके पास विष हो । जो साँप दंतहीन, विपहीन, विनम्र और सरल होता है उसको क्षमा नहीं शोभा देता है।

पाठ से आगे –

प्रश्न 1.
दिनकर के इस भाव से आप कहाँ तक सहमत हैं कि समाज शक्तिशाली की ही पूजा करता है । अभावहीन, निर्बल व्यक्ति को समाज में कोई नहीं पूछता। इन पर आप अपना विचार स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
हम दिनकर जी के भाव से सहमत हैं कि समाज शक्तिशाली की ही पूजा करता है । जो अभावग्रस्त है, निर्बल है ऐसे व्यक्ति को समाज कभी नहीं सम्मान देता है। समाज में प्रभाव स्थापित करने के लिए सबल होना अनिवार्य है।

evidyarthi

व्याकरण –

प्रश्न 1.
निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए –
उत्तर:
भुंजग – सर्प, साँप, अहि।
रघुपति – राम, कौशल्या नन्दन, राघव।
सिंधु – समुद्र, जलनिधि ।
शर – बाण, तीर ।
कायर – पौरुषहीन, कर्महीन ।

https://www.evidyarthi.in/